किताब व सुन्नत की रौशनी में

तालीफ़
अबू ज़ैद ज़मीर

तरजमा व कम्पोजिंग
मज़हर उमरी व तस्लीम उमरी

1. नमाज़ की निय्यत

1. बग़ैर निय्यत की नमाज़ नहीं होती

अल्लाह के रसूलﷺ फ़रमाते हैं:

आमाल का दारोमदार निय्यतों पर है और हर शख़्स को वही मिलेगा जिस की उस ने निय्यत की | (बुख़ारी बदउल वह्य 1, मुस्लिम: किताबुल इमारा: 155 (1907)) रावी: उमर	إِنَّمَا الأَعْمَالُ بِالنِّيَّاتِ وَإِنَّمَا لِكُلِّ امْرِئٍ مَا نَوَى [خ: بدء الوحي ١ – م: الإمارة ١٥٥ – (١٩٠٧)] عن عمر

नोट: निय्यत दिल के इरादे का नाम है| ज़बान से नमाज़ की निय्यत करना किताब व सुन्नत से साबित नहीं|

2. क़िबला रुख़ हो कर नमाज़ अदा करना

2. मस्जिदे ह़राम की त़रफ़ रुख़ करना

अल्लाह तआ़ला फ़रमाता है:

ऐ नबी आप के चेहरा का बार बार आस्मान की त़रफ़ उठना हम देख रहे हैं, लीजिए हम आप को उसी क़िबले की त़रफ़ फेर देते हैं जिसे आप पसंद करते हैं, पस आप अपना रुख़ मस्जिदे ह़राम की त़रफ़ फेर लीजिए और (ऐ मुसल्मानो!) तुम जहां कही भी रहो नमाज़ में अपना रुख़ मस्जिदे ह़राम ही की त़रफ़ करना। (सूरह अल बक़रा 144)	قَدْ نَرَى تَقَلُّبَ وَجْهِكَ فِي السَّمَاء فَلَنُوَلِّيَنَّكَ قِبْلَةً تَرْضَاهَا فَوَلِّ وَجْهَكَ شَطْرَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ وَحَيْثُ مَا كُنتُمْ فَوَلُّواْ وُجُوِهَكُمْ شَطْرَهُ [البقرة ١٤٤]

3. काअ़बा की त़रफ़ रुख़ करना

बरा बिन आ़ज़िबﷺ फ़रमाते हैं:

हम ने अल्लाह के रसूलﷺ के साथ बैतुल मक़्दिस की जानिब रुख़ कर के तक़रीबन 16 (सोलह) या 17 (सत्रह) महीने नमाज़ पढ़ी फिर हमें कअ़बा की त़रफ़ फेर दिया गया। (बुख़ारी: तफ़्सीरूल क़ुरआन 4492, मुस्लिम: अल मसाजिद व मवाजिइस्सलाह: 819) अल्फ़ाज़ मुस्लिम के हैं।	صَلَّيْنَا مَعَ رَسُولِ اللهِ ﷺ نَحْوَ بَيْتِ الْمَقْدِسِ سِتَّةَ عَشَرَ شَهْرًا أَوْ سَبْعَةَ عَشَرَ شَهْرًا ثُمَّ صُرِفْنَا نَحْوَ الْكَعْبَةِ [خ: تَفْسِيرِ الْقُرْآنِ ٤٤٩٢ – م: الْمَسَاجِدِ وَمَوَاضِعِ الصَّلَاةِ ٨١٩] واللفظ لمسلم

3. नमाज़ में क़ियाम करना

4. क़ियाम कुदरत रखने वाले पर फ़र्ज़ है और माअ़ज़ूर के लिए रुख़्सत है

इमरान बिन हुसैनؓ फ़रमाते हैं:

मुझे बवासीर की शिकायत थी। मैं ने नबीﷺ से नमाज़ के बारे में पूछा। आप ने फ़रमाया: खड़े हो कर नमाज़ पढ़ो, अगर इस की कुदरत ना होतो बैठ कर पढ़ो, और अगर इस की भी कुदरत ना हो तो करवट पर नमाज़ पढ़ लो। (बुख़ारी: अल जुमाअ़ 1117)	قَالَ كَانَتْ بِي بَوَاسِيرُ فَسَأَلْتُ النَّبِيَّ ﷺ عَنْ الصَّلَاةِ فَقَالَ صَلِّ قَائِمًا فَإِنْ لَمْ تَسْتَطِعْ فَقَاعِدًا فَإِنْ لَمْ تَسْتَطِعْ فَعَلَى جَنْبٍ [خ: الجمعة ١١١٧]

5. नमाज़ में निगाह को सज्दे की जगह रखना

आ़इशा रज़िअल्लाहु अ़न्हा फ़रमाती हैं:

अल्लाह के रसूलﷺ काअ़बतुल्लाह में दाख़िल हुऐ। आप की नज़रें (नमाज़ में) सज्दे की जगह से ना हटीं यहां तक की आप बाहर आ गए। (इब्ने खुज़ैमा, अल बैहक़ी फिल कुबरा, अल हाकिम) (अल इरवा जि.2 स़.73) (स़हीह)	دَخَلَ رسولُ الله ﷺ الكَعْبَةَ ما خَلَفَ بَصَرُهُ مَوْضِعَ سُجُوْدِهِ حتَّى خَرَجَ مِنْهَا. (خز هق ك) [الإرواء ج٢ص٧٣] (صحيح)

4. नमाज़ की तक्बीरात

6. क़िबला रुख़ खड़े होने के बाद तकबीर कहना

अबू हुमैद अस् साअ़िदीﷺ फ़रमाते हैं:

अल्लाह के रसूलﷺ जब नामज़ के लिए खड़े होते तो क़िबला रुख़ हो जाते, दोनों हाथ उठाते और अल्लाहु अकबर कहते। (इब्ने माजा) (सहीह इब्ने माजा 654) (अस्लु सिफ़ति सलातिन्नबीﷺ जि.1 स.178) (सहीह)	كَانَ رَسُولُ اللَّهِ ﷺ إِذَا قَامَ إِلَى الصَّلَاةِ اسْتَقْبَلَ الْقِبْلَةَ وَرَفَعَ يَدَيْهِ وَقَالَ اللَّهُ أَكْبَرُ (هـ) [صحيح ابن ماجه ٦٥٤] [أصل صفة صلاة النبي ﷺ ج١ ١٧٨] (صحيح)

7. इमाम के पीछे तकबीर कहना

अल्लाह के नबीﷺ फ़रमाते हैं:

जब इमाम अल्लाहु अक्बर कहे तो तुम भी अल्लाहु अक्बर कहो। फिर जब वो **سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ** समिअ़ल्लाहु लिमन हमिदाह कहे तो तुम कहो: **رَبَّنَا لَكَ الْحَمْدُ** रब्बना लकल ह़मद। (मुस्नद अह़मद, बैहक़ी, इब्ने खुज़ैमा, ह़ाकिम) अल्फ़ाज़ इब्ने खुज़ैमा के है। (स़हीह़ इब्ने खुज़ैमा 1577, अस्लु सिफ़ति सलातिन्नबी जि.3 स. 1050) (स़हीह़)	**فَإِذَا قَالَ الْإِمَامُ: اللَّهُ أَكْبَرُ** **فَقُولُوا: اللَّهُ أَكْبَرُ** **فَإِذَا قَالَ: سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ،** **فَقُولُوا: رَبَّنَا لَكَ الْحَمْدُ** (حم هق خز ك) واللفظ لابن خزيمة [صحيح ابن خزيمة ١٥٧٧، أصل صفة صلاة النبي ﷺ ج٣ ص١٠٥٠] (صحيح)

8. तक्बीर के मक़ामात और अल्फ़ाज़

अल्लाह के रसूलﷺ फ़रमाते हैं:

किसी भी शख़्स की नमाज़ नहीं होती यहां तक कि वो ठिक तरह़ वुज़ू कर ले कि पानी वुज़ू के आ़ज़ा तक पहुंच जाए| फिर اللَّهُ أَكْبَرُ (अल्लाहु अक्बर) कहे और अल्लाह अ़ज़्ज़ व जल्ल की ह़मद व सना बयान करे| फिर उसे क़ुरआन से जो मुयस्सर हो वो पढ़ ले| फिर اللَّهُ أَكْبَرُ (अल्लाहु अक्बर) कहे और इत्मिनान से रुकूअ़ करे यहां तक कि उस के जोड़ क़रार पा लें| फिर कहे سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ (समिअल्लाहु लिमन ह़मिदाह) और ठीक तरह़ खड़ा हो जाए| फिर कहे اللَّهُ أَكْبَرُ (अल्लाहु अक्बर) और इत्मिनान के साथ सज्दा करे यहां तक कि उस के जोड़ क़रार पा जाएं| फिर اللَّهُ أَكْبَرُ (अल्लाहु अक्बर) कहे और सज्दे से सर उठा ले और ठीक तरह़ से बैठ जाए| फिर اللَّهُ أَكْبَرُ (अल्लाहु अक्बर) कहे और इत्मिनान के साथ दूसरा सज्दा करे यहां तक कि उस के जोड़ क़रार पा जाएं| फिर सर उठा ले और اللَّهُ أَكْبَرُ (अल्लाहु अक्बर) कहे| अगर वो (पूरी नमाज़ में) इसी तरह़ करे तो उस की नमाज़ मुकम्मल हो गई | (अबू दावूद, नसाई, इब्ने माजा, ह़ाकिम) रावी: रिफ़ाआ़ह बिन राफ़ेअ़ (स़ह़ीह़ अल जामे 2420) (स़ह़ीह़) (अस़्लु सिफ़ति स़लातिन्नबीﷺ जि.1 स़.181)	إِنَّهُ لَا تَتِمُّ صَلَاةٌ لِأَحَدٍ مِنْ النَّاسِ حَتَّى يَتَوَضَّأَ فَيَضَعَ الْوُضُوءَ – يَعْنِي – مَوَاضِعَهُ ثُمَّ يُكَبِّرُ وَيَحْمَدُ اللَّهَ جَلَّ وَعَزَّ وَيُثْنِي عَلَيْهِ وَيَقْرَأُ بِمَا تَيَسَّرَ مِنْ الْقُرْآنِ ثُمَّ يَقُولُ اللَّهُ أَكْبَرُ ثُمَّ يَرْكَعُ حَتَّى تَطْمَئِنَّ مَفَاصِلُهُ ثُمَّ يَقُولُ سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ حَتَّى يَسْتَوِيَ قَائِمًا ثُمَّ يَقُولُ اللَّهُ أَكْبَرُ ثُمَّ يَسْجُدُ حَتَّى تَطْمَئِنَّ مَفَاصِلُهُ ثُمَّ يَقُولُ اللَّهُ أَكْبَرُ وَيَرْفَعُ رَأْسَهُ حَتَّى يَسْتَوِيَ قَاعِدًا ثُمَّ يَقُولُ اللَّهُ أَكْبَرُ ثُمَّ يَسْجُدُ حَتَّى تَطْمَئِنَّ مَفَاصِلُهُ ثُمَّ يَرْفَعُ رَأْسَهُ فَيُكَبِّرُ فَإِذَا فَعَلَ ذَلِكَ فَقَدْ تَمَّتْ صَلَاتُهُ (د ن هـ ك) عن رفاعة بن رافع [صحيح الجامع ٢٤٢٠] (صحيح) [أصل صفة صلاة النبي ﷺ ج١ ص١٨١]

5. रफ़उल यदैन

9. रफ़उ़ल यदैन कितने मक़ामात पर है?

नाफ़ेअ़ फ़रमाते हैं:

इब्ने उमर जब नामाज़ में दाख़िल होते तो अल्लाहु अक्बर कहते और रफ़उल यदैन करते| जब रुकूअ़ करते तो रफ़उल यदैन करते| जब **سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ** (समिअल्लाहु लिमन ह़मिदाह) कहते तो रफ़उल यदैन करते| जब दो रकअ़त मुकम्मल कर के (तशह्हुद के बाद तीसरी रकअ़त के लिए) खड़े होते तो रफ़उल यदैन करते| और अ़ब्दुल्लाह बिन उमरﷺ ने इस अ़मल को नबीﷺ की जानिब मन्सूब किया| (बुख़ारी: अल आज़ान 739)	**أَنَّ ابْنَ عُمَرَ كَانَ إِذَا دَخَلَ فِي الصَّلَاةِ كَبَّرَ وَرَفَعَ يَدَيْهِ وَإِذَا رَكَعَ رَفَعَ يَدَيْهِ وَإِذَا قَالَ سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ رَفَعَ يَدَيْهِ وَإِذَا قَامَ مِنْ الرَّكْعَتَيْنِ رَفَعَ يَدَيْهِ وَرَفَعَ ذَلِكَ ابْنُ عُمَرَ إِلَى نَبِيِّ اللَّهِ ﷺ** [خ: الآذان ٧٣٩]

नोट: यानी अ़ब्दुल्लाह बिन उमरﷺ खूद भी रफ़उल यदैन करते और उसे अल्लाह के नबीﷺ का अ़मल क़रार देते|

10. रफ़उल में कंधों तक दोनों हाथ उठाना[١]

अ़ब्दुल्लाह बिन उमर ﵄ फ़रमाते हैं:

मैं ने नबी ﷺ को देखा कि आप नमाज़ का आग़ाज़ तक्बीर से करते थे| आप जब **اللَّهُ أَكْبَرُ** (अल्लाहु अक्बर) कहते तो दोनों हाथ कंधों तक उठाते| जब रुकूअ़ के लिए तक्बीर कहते तो फिर उसी त़रह़ करते और जब **سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ** (समिअल्लाहु लिमन ह़मिदाह) कहते तब भी उसी त़रह़ करते और **رَبَّنَا وَلَكَ الحَمْدُ** (रब्बना व लकल ह़मद) कहते लेकिन ये अ़मल (यानी रफ़उल यदैन) सजदा करते वक़्त और सज्दे से सर उठाते वक़्त नहीं करते थे|

(बुख़ारी: अल आज़ान 735, मुस्लिम: अस्सलाह 586)

رَأَيْتُ النَّبِيَّ ﷺ
افْتَتَحَ التَّكْبِيرَ فِي الصَّلاَةِ
فَرَفَعَ يَدَيْهِ حِينَ يُكَبِّرُ
حَتَّى يَجْعَلَهُمَا حَذْوَ مَنْكِبَيْهِ
وَإِذَا كَبَّرَ لِلرُّكُوعِ فَعَلَ مِثْلَهُ
وَإِذَا قَالَ: سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ
فَعَلَ مِثْلَهُ
وَقَالَ: رَبَّنَا وَلَكَ الحَمْدُ
وَلاَ يَفْعَلُ ذَلِكَ حِينَ يَسْجُدُ
وَلاَ حِينَ يَرْفَعُ رَأْسَهُ مِنَ السُّجُودِ

[خ:الآذان ٧٣٥ – م: الصلاة ٥٨٦]

---

[1] عن عبد الله بن عمر

أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ ﷺ كَانَ يَرْفَعُ يَدَيْهِ حَذْوَ مَنْكِبَيْهِ إِذَا افْتَتَحَ الصَّلَاةَ وَإِذَا كَبَّرَ لِلرُّكُوعِ وَإِذَا رَفَعَ رَأْسَهُ مِنْ الرُّكُوعِ رَفَعَهُمَا كَذَلِكَ أَيْضًا وَقَالَ سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ رَبَّنَا وَلَكَ الْحَمْدُ وَكَانَ لَا يَفْعَلُ ذَلِكَ فِي السُّجُودِ [خ:الآذان ٧٣٥ ونحوه – م: الصلاة ٥٨٦]

11. रफ़उल यदैन में दोनों हाथ कानों तक उठाना

मालिक बिन हुवैरिस رضي الله عنه फ़रमाते हैं:

अल्लाह के रसूल ﷺ जब तक्बीर कहते तो अपने दोनों हाथ उठाते (यानी रफ़उल यदैन करते) यहां तक कि उन्हें कानों तक ले जाते, फिर जब रुकूअ़ करते तो दोबारा दोनों हाथ उठा कर कानों तक ले जाते| फिर जब रुकूअ़ से सर उठाते तो **سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ** (समिअल्लाहु लिमन ह़मिदाह) कहते और उसी त़रह़ (रफ़उल यदैन) करते| (मुस्लिम: अस्स़ल्लाह 589)	**أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ ﷺ كَانَ إِذَا كَبَّرَ رَفَعَ يَدَيْهِ حَتَّى يُحَاذِيَ بِهِمَا أُذُنَيْهِ وَإِذَا رَكَعَ رَفَعَ يَدَيْهِ حَتَّى يُحَاذِيَ بِهِمَا أُذُنَيْهِ وَإِذَا رَفَعَ رَأْسَهُ مِنَ الرُّكُوعِ فَقَالَ: سَمِعَ اللَّهُ لِمَنْ حَمِدَهُ فَعَلَ مِثْلَ ذَلِكَ** [م: الصلاة ٥٨٩]

6. हालते क़ियाम में हाथों का मक़ाम

12. नमाज़ में क़ियाम में दाएं हाथ से बाएं हाथ को पकड़ना

वाइल बिन हुज्र फ़रमाते हैं:

मैं ने अल्लाह के रसूलﷺ को देखा कि आप जब नमाज़ में क़ियाम की हालत में होते तो अपने दाएं हाथ से बायां हाथ थाम लेते| (मुसनद अहमद, अबू दावूद, नसाई) अल्फ़ाज़ नसाई की रिवायत के है| (नसाई बितहक़ीक़िल अलबानी 887) (सहीहुल इसनाद)	رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ ﷺ إِذَا كَانَ قَائِمًا فِي الصَّلَاةِ قَبَضَ بِيَمِينِهِ عَلَى شِمَالِهِ (حم د ن) واللفظ للنسائي [ن بتحقيق الألباني ٨٨٧] (صحيح الإسناد)

13. ज़िराअ़ पर हाथ रखना

सहल बिन सअ़दरضي الله عنه फ़रमाते हैं:

लोगों को ये हुक्म दिया जाता था कि आदमी नमाज़ में अपने दाएं हाथ को बाएं हाथ पर ज़िराअ़ (यानी बाज़ू) पर रखे| (बुख़ारी: अल आज़ान 740)	كَانَ النَّاسُ يُؤْمَرُونَ أَنْ يَضَعَ الرَّجُلُ الْيَدَ الْيُمْنَى عَلَى ذِرَاعِهِ الْيُسْرَى فِي الصَّلَاةِ [خ: الآذان ٧٤٠]

14. बाईं हथेली की पुश्त, कलाई और बाज़ू पर दायां हाथ रखना

वाइल बिन हुज्रرضي الله عنه फ़रमाते हैं:

मैं ने (अपने आप से) कहा: मैं ज़रूर अल्लाह के रसूलﷺ को देखूंगा कि आप कैसे नमाज़ पढ़ते हैं। लिहाज़ा मैं ने आप को बग़ौर देखा। आप खड़े हुए और तक्बीर कही और रफ़उल यदैन किया यहां तक कि दोनों हाथ कानों तक उठा लिए फिर अपने दाएं हाथ को बाएं हाथ की पुश्त कलाई और बाज़ू पर रखा। (मुस्नद अहमद, अबू दावूद) अल्फ़ाज़ अबू दावूद के हैं। (अबू दावूद बितहक़ीकिल अल बानी 727) (सहीह)	قُلْتُ: لَأَنْظُرَنَّ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ ﷺ كَيْفَ يُصَلِّي قَالَ: فَنَظَرْتُ إِلَيْهِ قَامَ فَكَبَّرَ وَرَفَعَ يَدَيْهِ حَتَّى حَاذَتَا أُذُنَيْهِ ثُمَّ وَضَعَ يَدَهُ الْيُمْنَى عَلَى ظَهْرِ كَفِّهِ الْيُسْرَى وَالرُّسْغَ وَالسَّاعِدَ (حم د) واللفظ لأبي داود [د بتحقيق الألباني ٧٢٧] (صحيح)

15. रुकूअ़ से पहले के क़ियाम में हाथ बांधना

वाइल बिन हुज्रﷺ फ़रमाते हैं:

उन्होंने नबीﷺ को देखा कि जब आप नमाज़ में दाख़िल हुए तो तक्बीर कही। ह़दीस़ के रावी हम्माम ने दोनों कानों तक इशारा किया। फिर आप ﷺ ने अपने ऊपर चादर लपेट ली। फिर अपने दाएं हाथ को बाएं हाथ पर रखा। फिर जब रुकूअ़ का इरादा किया तो अपनी चादर से हाथ बाहर निकाले, रफ़उल यदैन किया, फिर तक्बीर कही, फिर रुकूअ़ किया। फिर जब समिअ़ल्लाहु लिमन ह़मिदाह कहा तो रफ़उल यदैन किया। फिर जब सज्दा किया तो दोनों हथेलियों के दरमियान सज्दा किया। (मुस्लिम: अस्सलाह 54-(401))	أَنَّهُ رَأَى النَّبِيَّ ﷺ رَفَعَ يَدَيْهِ حِينَ دَخَلَ فِي الصَّلَاةِ كَبَّرَ – وَصَفَ هَمَّامٌ حِيَالَ أُذُنَيْهِ – ثُمَّ الْتَحَفَ بِثَوْبِهِ ثُمَّ وَضَعَ يَدَهُ الْيُمْنَى عَلَى الْيُسْرَى (١) فَلَمَّا أَرَادَ أَنْ يَرْكَعَ أَخْرَجَ يَدَيْهِ مِنَ الثَّوْبِ ثُمَّ رَفَعَهُمَا ثُمَّ كَبَّرَ فَرَكَعَ، فَلَمَّا قَالَ: سَمِعَ اللهُ لِمَنْ حَمِدَهُ رَفَعَ يَدَيْهِ فَلَمَّا سَجَدَ سَجَدَ بَيْنَ كَفَّيْهِ [م: الصلاة ٥٤ - (٤٠١)]

16. ज़िराअ़ के वस्त़ पर हाथ रखना

अ़लीﷺ से रिवायत है:

{فَصَلِّ لِرَبِّكَ وَانْحَرْ} (की तफ़सीर में फ़रमाते हैं कि इस से मुराद) दाएं हाथ को बाईं बाज़ू के दरमियानी हिस्से पर सीने पर रखा जाए। (अत्तारीख़ुल कबीर लिल बुख़ारी (6/437) रक़म 2911)	{فَصَلِّ لِرَبِّكَ وَانْحَرْ} وَضْعُ يَدِهِ الْيُمْنَى عَلَى وَسَطِ سَاعِدِهِ عَلَى صَدْرِهِ [التاريخ الكبير للبخاري (٦/ ٤٣٧) رقم ٢٩١١]

[1] عَنْ وَائِلٍ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ ﷺ وَاضِعًا يَمِينَهُ عَلَى شِمَالِهِ فِي الصَّلَاةِ

17. फ़र्ज़ नमाज़ में भी हाथ बांधना

हुल्बؓ फ़रमाते हैं:

अल्लाह के रसूलﷺ हमें नमाज़ पढ़ाते तो बाएं हाथ को दाएं हाथ से पकड़ते| (मुस्नद अह़मद, तिर्मिज़ी, इब्ने माजा) अल्फ़ाज़ तिर्मिज़ी के है| (तिर्मिज़ी बितह़क़ीक़िल अलबानी 252) (ह़सन स़ह़ीह़)	**كَانَ رَسُولُ اللَّهِ ﷺ يَؤُمُّنَا فَيَأْخُذُ شِمَالَهُ بِيَمِينِهِ** (١) (حم ت هـ) واللفظ للترمذي [ت بتحقيق الألباني ٢٥٢] (حسن صحيح)

18. सीने पर हाथ बांधना

वाईल बिन हुज्रؓ फ़रमाते हैं:

मैं ने अल्लाह के रसूलﷺ के साथ नमाज़ पढ़ी| आप ने अपना दाया हाथ बाएं हाथ पर सीने पर रखा| (स़ह़ीह़ इब्ने खुज़ैमा 479)(स़ह़ीह़) (अस़्लु सि़फ़ति स़लातिन्नबीﷺ जि.1 स़.215)	**صَلَّيْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ ﷺ وَوَضَعَ يَدَهُ الْيُمْنَى عَلَى يَدِهِ الْيُسْرَى عَلَى صَدْرِهِ** [صحيح ابن خزيمة ٤٧٩] (صحيح) [أصل صفة صلاة النبي ﷺ ج١ ص٢١٥]

त़ावूस (ताबेई) फ़रमाते हैं:

अल्लाह के रसूलﷺ नमाज़ में दाएं हाथ को बाएं हाथ पर रखते फिर दोनों हाथ सीने पर बांध लेते| (अबू दावूद) (अबू दावूद बितह़क़ीक़िल अल बानी 759) (अस़्लु सि़फ़ति स़लातिन्नबीﷺ जि.1 स़.217) (स़ह़ीह़)	**كَانَ رَسُولُ اللَّهِ ﷺ يَضَعُ يَدَهُ الْيُمْنَى عَلَى يَدِهِ الْيُسْرَى ثُمَّ يَشُدُّ بَيْنَهُمَا عَلَى صَدْرِهِ وَهُوَ فِي الصَّلَاةِ** (د) [سنن أبي داود بتحقيق الألباني ٧٥٩] [أصل صفة صلاة النبي ﷺ ج١ ص٢١٧] (صحيح)

---

[1] قال ﷺ: إِنَّا مَعْشَرَ الْأَنْبِيَاءِ أُمِرْنَا أَنْ نُؤَخِّرَ سُحُورَنَا وَنُعَجِّلَ فِطْرَنَا وَأَنْ نُمْسِكَ بِأَيْمَانِنَا عَلَى شَمَائِلِنَا فِي صَلَاتِنَا (حب) [التعليقات الحسان ١٧٦٧] (صحيح)

हुल्ब अत्ताई رضي الله عنه फ़रमाते हैं:

मैं ने नबीﷺ को देखा आप नमाज़ ख़त्म कर के कभी दाईं जानिब से पलटते कभी बाईं जानिब से पलटते| (और मुक़्तदियों की तरफ़ रुख़ कर के बैठते) और मैं ने देखा कि आप इस को अपने सीने पर रखते| यह्या (बिन सईद) ने (इस की सिफ़त बयान की तो) अपने दाएं हाथ को बाएं हाथ के जोड़ पर रखा| (मुस्नद अह़मद) (स़ह़ीह़ अबी दावूद अल उम्म 737) (अस़्लु सिफ़ति स़लातिन्नबीﷺ जि.1 स़.217) (इस की इस्नाद को ह़सन कहा जा सकता है)	**رَأَيْتُ النَّبِيَّ ﷺ يَنْصَرِفُ عَنْ يَمِينِهِ وَعَنْ يَسَارِهِ وَرَأَيْتُهُ قَالَ يَضَعُ هَذِهِ عَلَى صَدْرِهِ** [1] **وَصَفَّ يَحْيَى الْيُمْنَى عَلَى الْيُسْرَى فَوْقَ الْمِفْصَلِ** (حم) [صحيح أبي داود الأم تحت ٧٣٧] [أصل صفة صلاة النبي ﷺ ج١ ص٢١٦] (إسناده محتمل للتحسين)

---

[1] قال ابن الجوزي:

أَخْبَرَنَا ابْنُ الْحُصَيْنِ قَالَ أَنْبَأَنَا ابْنُ الْمُذْهِبِ قَالَ أَنْبَأَنَا أَحْمَدُ بْنُ جَعْفَرٍ قَالَ حَدَّثَنَا عَبْدُ اللَّهِ بْنُ أَحْمَدَ قَالَ حَدَّثَنِي أَبِي قَالَ حَدَّثَنَا يَحْيَى بْنُ سَعِيدٍ قَالَ حَدَّثَنَا سُفْيَانُ قَالَ حَدَّثَنِي سِمَاكٌ عَنْ قَبِيصَةَ بْنِ هُلْبٍ عَنْ أَبِيهِ قَالَ **رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ ﷺ يَضَعُ هَذِهِ عَلَى هَذِهِ على صَدره وَوصف يَحْيَى الْيُمْنَى عَلَى الْيُسْرَى فَوْقَ الْمِفْصَل** [التحقيق في مسائل الخلاف (١/ ٣٣٨) رقم ٤٣٤]

(सनद) हुल्ब अत्ताई رضي الله عنه फ़रमाते हैं: मैं ने रसूल ﷺ को देखा आप कि आप इस (हाथ) को इस (हाथ) पर अपने सीने पर रखते| यह्या (बिन सईद) ने (इस की सिफ़त बयान की तो) अपने दाएं हाथ को बाएं हाथ के जोड़ पर रखा| [अत्तह्क़ीक़ फ़ी मसाइलिल ख़िलाफ़ जि 1 स 338 नम्बर 434]

7. दुआए इसतिफ़ताह़ और तअ़व्वुज़

19. क़िराअत से पहले तअ़व्वुज़

अल्लाह तआ़ला फ़रमाता हैं:

फिर जब आप कुरआन पढ़ने लगें तो शैत़ान मर्दूद से अल्लाह की पनाह त़लब कर लिया किजिए। (सूरह अन्नह़ल 98)	فَإِذَا قَرَأْتَ الْقُرْآنَ فَاسْتَعِذْ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ [النحل ٩٨]

20. दुआए इसतिफ़ताह़ और तअ़व्वुज़

अबू सईद ﷛ फ़रमाते हैं:

अल्लाह के रसूल ﷺ जब रात में (तहज्जुद की नामज़) के लिए ख़ड़े होते तो तक्बीर कहते और ये दुआ़ करते: **سُبْحَانَكَ اللَّهُمَّ وَبِحَمْدِكَ وَتَبَارَكَ اسْمُكَ وَتَعَالَى جَدُّكَ وَلَا إِلَهَ غَيْرُكَ. أَعُوذُ بِاللَّهِ السَّمِيعِ الْعَلِيمِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ مِنْ هَمْزِهِ وَنَفْثِهِ وَنَفْخِهِ** [١] फिर आप नमाज़ (यानी क़िराअत) शुरू करते| (अबू दावूद, तिर्मिज़ी, मुसनद अह़मद, दारिमी) अल्फ़ाज़ दारिमी के हैं| (इर्वाउल ग़लील जि.2 स़. 51) (ह़सन)	**كَانَ رَسُولُ اللَّهِ ﷺ إِذَا قَامَ مِنَ اللَّيْلِ فَكَبَّرَ قَالَ: سُبْحَانَكَ اللَّهُمَّ وَبِحَمْدِكَ وَتَبَارَكَ اسْمُكَ وَتَعَالَى جَدُّكَ وَلَا إِلَهَ غَيْرُكَ أَعُوذُ بِاللَّهِ السَّمِيعِ الْعَلِيمِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ مِنْ هَمْزِهِ وَنَفْثِهِ وَنَفْخِهِ ثُمَّ يَسْتَفْتِحُ صَلَاتَهُ** (د[٢] ت حم مي) واللفظ للدارمي [إرواء الغليل ج٢ ص٥١] (حسن)

[१] ऐ अल्लाह! मैं तेरी पाकी बयान करता हूं तेरी तारीफ़ के साथ, तेरा नाम बर्कत वाला है और तेरी बुजुर्गी सब से उंची है| तेरे सिवा कोई माबूदे बरह़क़ नहीं| मैं सब कुछ सुनने वाले, सब कुछ जानने वाले अल्लाह की पनाह लेता हूं शैत़ान मर्दूद से, उस के वस्वसों से, उस के थुथ्कारने से और फूंकने से|

[2] عَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ ﷺ إِذَا قَامَ مِنْ اللَّيْلِ كَبَّرَ ثُمَّ يَقُولُ: سُبْحَانَكَ اللَّهُمَّ وَبِحَمْدِكَ وَتَبَارَكَ اسْمُكَ وَتَعَالَى جَدُّكَ وَلَا إِلَهَ غَيْرَكَ ثُمَّ يَقُولُ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ ثَلَاثًا ثُمَّ يَقُولُ اللَّهُ أَكْبَرُ كَبِيرًا ثَلَاثًا أَعُوذُ بِاللَّهِ السَّمِيعِ الْعَلِيمِ مِنْ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ مِنْ هَمْزِهِ وَنَفْخِهِ وَنَفْثِهِ ثُمَّ يَقْرَأُ
(د ت حم) [سنن أبي داود بتحقيق الألباني ٧٧٥] (صحيح)

21. दुआए इसतिफ़्ताह सिर्रन पढ़ना

अबू हुरैराहﷺ फ़रमाते हैं:

<table>
<tr>
<td>अल्लाह के रसूलﷺ तक्बीर और किराअत के दरमियान कुछ देर सुकूत इख़्तियार करते| रावी कहते हैं मैं समझता हूं उन्होंने "هُنَيَّةً" (कुछ देर) कहा| मैं ने अ़र्ज़ किया: ऐ अल्लाह के रसूलﷺ, मेरे मां बाप आप पर फ़िदा हों आप तक्बीर व किराअत के दरमियान सुकूत करते हैं, इस में आप क्या पढ़ते हैं? आप ने फ़रमाया: मैं यूं कहता हूं:
اللَّهُمَّ بَاعِدْ بَيْنِي وَبَيْنَ خَطَايَايَ
كَمَا بَاعَدْتَ بَيْنَ الْمَشْرِقِ وَالْمَغْرِبِ
اللَّهُمَّ نَقِّنِي مِنْ الْخَطَايَا
كَمَا يُنَقَّى الثَّوْبُ الْأَبْيَضُ مِنْ الدَّنَسِ
اللَّهُمَّ اغْسِلْ خَطَايَايَ
بِالْمَاءِ وَالثَّلْجِ وَالْبَرَدِ [1]
(बुख़ारी: अल आज़ान 744, मुस्लिम: अल मसाजिद व मवाज़िउस्सलाह 940)</td>
<td>كَانَ رَسُولُ اللَّهِ ﷺ
يَسْكُتُ بَيْنَ التَّكْبِيرِ
وَبَيْنَ الْقِرَاءَةِ إِسْكَاتَةً
–قَالَ أَحْسِبُهُ قَالَ هُنَيَّةً –
فَقُلْتُ بِأَبِي وَأُمِّي يَا رَسُولَ اللَّهِ
إِسْكَاتُكَ بَيْنَ التَّكْبِيرِ وَالْقِرَاءَةِ مَا تَقُولُ
قَالَ : أَقُولُ اللَّهُمَّ
بَاعِدْ بَيْنِي وَبَيْنَ خَطَايَايَ
كَمَا بَاعَدْتَ بَيْنَ الْمَشْرِقِ وَالْمَغْرِبِ
اللَّهُمَّ نَقِّنِي مِنْ الْخَطَايَا
كَمَا يُنَقَّى الثَّوْبُ الْأَبْيَضُ مِنْ الدَّنَسِ
اللَّهُمَّ اغْسِلْ خَطَايَايَ
بِالْمَاءِ وَالثَّلْجِ وَالْبَرَدِ
[خ: الآذان ٧٤٤ –
م: المساجد ومواضع الصلاة ٩٤٠ نحوه]</td>
</tr>
</table>

[1] ऐ अल्लाह मेरी और मेरी ख़ताओं के दरमियान ऐसे ही फ़ासला कर दे जैसे तू ने मश्रिक़ व मग़रिब के दरमियान दूरी कर दी है| ऐ अल्लाह, मुझे ख़ाताओं से वैसे ही पाक कर दे जैसे सफ़ेद कपडा गंदगी से साफ़ हो जाता है| ऐ अल्लाह मेरी ख़ताओं को पानी, बरफ़ और औलों से धो दे|

22. सुरतुल फ़ातिह़ा के क़बल और उस के बाद सूरह पढ़ने से पहले बिस्मिल्लाह सिर्रन पढ़े

अनस बिन मालिकؓ फ़रमाते हैं:

मैं ने अल्लाह के रसूलﷺ, अबू बकर, उमर और उस्मान रज़िअल्लाहु अन्हुम के साथ नमाज़ पढ़ी। वो सब अपनी नमाज़ की शुरूआत **{الْحَمْد لِلَّهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ}** से करते थे। वो क़िराअत की इब्तिदा में या अख़ीर में **{بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ}** नहीं पढ़ते थे। (मुस्लिम: अस्सलाह 605, बुख़ारी: अल आज़ान: 743) अल्फ़ाज़ मुस्लिम के हैं।	**صَلَّيْتُ خَلْفَ النَّبِيِّ ﷺ وَأَبِي بَكْرٍ وَعُمَرَ وَعُثْمَانَ فَكَانُوا يَسْتَفْتِحُونَ بِ {الْحَمْد لِلَّهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ} لَا يَذْكُرُونَ [1] {بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ} فِي أَوَّلِ قِرَاءَةٍ وَلَا فِي آخِرِهَا [2]** [م: الصلاة ٦٠٦ - خ: الآذان ٧٤٣ نحوه] واللفظ لمسلم

एक रिवायत में है:

वो सब **{بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ}** को बलंद आवाज़ से नहीं पढ़ते थे। (मुस्नद अह़मद) (अस़्लु सिफ़ति स़लातिन्नबीﷺ जि.1 स़.278) (स़ह़ीह़)	**وَكَانُوا لَا يَجْهَرُونَ [3] بْ {بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ}** (حم) [أصل صفة صلاة النبي ﷺ ج١ ص٢٧٨] (صحيح)

---

[1] عَنْ أَنَسٍ قَالَ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ ﷺ وَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ لَا يَقْرَءُونَ - يَعْنِي لَا يَجْهَرُونَ -
(حم) [مسند أحمد ط الرسالة (٢٠/ ٤٥٩) رقم ١٣٢٥٩] قال الأرنؤوط : حديث صحيح وهذا إسناد قوي

[2] زِيَادَةٌ فِي الْمُبَالَغَةِ، فِي النَّفْيِ، وَإِلَّا فَإِنَّهُ لَيْسَ فِي آخِرِهَا بَسْمَلَةٌ، وَيَحْتَمِلُ أَنْ يُرِيدَ بِآخِرِهَا السُّورَةَ الثَّانِيَةَ الَّتِي تُقْرَأُ بَعْدَ الْفَاتِحَةِ. [سبل السلام (١/ ٢٥٦)]

[3] عَنْ أَنَسٍ قَالَ صَلَّيْتُ خَلْفَ رَسُولِ اللَّهِ ﷺ وَأَبِي بَكْرٍ وَعُمَرَ وَعُثْمَانَ ؓ
فَلَمْ أَسْمَعْ أَحَدًا مِنْهُمْ يَجْهَرُ بِـ{بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ} [ن: الإفتتاح : تَرْكُ الْجَهْرِ بِ بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ] (صحيح)

8. सूरतुल फ़ातिह़ा की क़िराअत और आमीन

23. हर नमाज़ में सूरतुल फ़ातिह़ा की क़िराअत ज़रूरी है

अल्लाह के रसूलﷺ फ़रमाते हैं:

जिस ने फ़ातिह़तुल किताब (सूरह फ़ातिह़ा) नहीं पढ़ी उस की नमाज़ नहीं| (बुख़ारी: अल आज़ान : 756, मुस्लिम: अस्सलाह 34 - (394) रावी: उबदा बिन सामित	لَا صَلَاةَ لِمَنْ لَمْ يَقْرَأْ بِفَاتِحَةِ الْكِتَابِ [خ: الآذان ٧٥٦ – م: الصلاة ٣٤ – (٣٩٤)] عَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ

24. जहरी नमाज़ में इमाम के पीछे सिर्फ़ सूरतुल फ़ातिह़ा पढ़ना

उबदा बिन सामितؓ फ़रमाते हैं:

हम ने फज्र की नमाज़ अल्लाह के रसूलﷺ के पीछे अदा की| आप ने क़िराअत की तो क़िराअत आप पर भारी हो गई| जब आप नमाज़ से फ़ारिग़ हुए तो फ़रमाया: शायद तुम इमाम के पीछे पढ़ते हो| हम ने कहा: हां, ऐ अल्लाह के रसूलﷺ! हम जल्दी जल्दी ऐसा करते हैं| आप ने फ़रमाया: ऐसा ना किया करो (यानी मत पढ़ा करो) सिवाए सूरह फ़ातिह़ा के, इस लिए कि उस के बग़ैर नमाज़ नहीं होती| (अबू दावूद) (अबू दावूद बि तहक़ीक़िल अलबानी 823) (इस की इस्नाद जय्यद है इस में कोई तअ़्न नहीं है जैसा कि इमाम अल ख़त्ताबी ने मआ़लिमुस्सुनन में फ़रमाया है|) (अस़्लु सिफ़ति स़लातिन्नबीﷺ जि.1 स़.327)	كُنَّا خَلْفَ رَسُولِ اللَّهِ ﷺ فِي صَلَاةِ الْفَجْرِ فَقَرَأَ رَسُولُ اللَّهِ ﷺ فَثَقُلَتْ عَلَيْهِ الْقِرَاءَةُ فَلَمَّا فَرَغَ قَالَ لَعَلَّكُمْ تَقْرَءُونَ خَلْفَ إِمَامِكُمْ قُلْنَا نَعَمْ هَذًّا يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ لَا تَفْعَلُوا إِلَّا بِفَاتِحَةِ الْكِتَابِ فَإِنَّهُ لَا صَلَاةَ لِمَنْ لَمْ يَقْرَأْ بِهَا (د) [ابوداؤد بتحقيق الالباني ٨٢٣] (وهذا إسناد جيد لا مطعن فيه - كما قال الخطابي في المعالم) [أصل صفة صلاة النبي ﷺ ج١ ص٣٢٧] [1]

[1] عَنْ مَنْ شَهِدَ ذَاكَ قَالَ: ﷺ فَلَمَّا قَضَى صَلَاتَهُ قَالَ: «أَتَقْرَؤُونَ وَالْإِمَامُ يَقْرَأُ؟» قَالُوا: إِنَّا لَنَفْعَلُ قَالَ: «فَلَا تَفْعَلُوا إِلَّا أَنْ يَقْرَأَ أَحَدُكُمْ بِفَاتِحَةِ الْكِتَابِ فِي نَفْسِهِ [جزء القراءة للبخاري ٣٧] (حسن) [أصل صفة صلاة النبي ﷺ ج١ ص٣٢٩]

अल्लाह के रसूलﷺ ने फ़रमाया:

जिस ने नमाज़ पढ़ी और उस में सूरह फ़ातिहा ना पढ़ी तो वो नमाज़ ख़िदाज है| आप ने ये बात तीन मर्त बा कही[1]| (यानी)मुकम्मल नहीं है| अबू हुरैराह ﷺ से पूछा गया: हम इमाम के पीछे होते हैं, (क्या तब भी सूरह फ़ातिहा पढ़ें)? फ़रमाया: अपने जी में पढ़ लिया करो| (मुस्लिम: अस्सलाह: 598) रावी: अबू हुरैराह	مَنْ صَلَّى صَلَاةً لَمْ يَقْرَأْ فِيهَا بِأُمِّ الْقُرْآنِ فَهِيَ خِدَاجٌ – ثَلَاثًا – غَيْرُ تَمَامٍ فَقِيلَ لِأَبِي هُرَيْرَةَ : إِنَّا نَكُونُ وَرَاءَ الْإِمَامِ فَقَالَ: اقْرَأْ بِهَا فِي نَفْسِكَ ... [م: الصلاة : ٥٩٨] عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ

यज़ीद बिन शरीक से रिवायत है:

मैं ने उमरﷺ से इमाम के पीछे क़िराअत के मुताल्लिक़ पूछा| आप ने फ़रमाया: सूरह फ़ातिहा पढ़ लिया करो| मैं ने कहा: आप(इमाम) हों तब भी? आप ने फ़रमाया: मैं(इमाम) रहूं तब भी| मैं ने कहा: अगरचे आप जहरी क़िराअत करें? आप ने फ़रमाया: अगरचे मैं जहरी क़िराअत करूं| (अद्दाराक़ुत्नी, अल बहक़ी फ़िल क़ुबरा) (अज़्ज़ईफ़ा जि.2 स़.419 रक़म 991)(स़ह़ीह़)	أَنَّهُ سَأَلَ عُمَرَ عَنِ الْقِرَاءَةِ خَلْفَ الْإِمَامِ فَقَالَ: اقْرَأْ بِفَاتِحَةِ الْكِتَابِ قُلْتُ: وَإِنْ كُنْتَ أَنْتَ؟ قَالَ: وَإِنْ كُنْتُ أَنَا قُلْتُ: وَإِنْ جَهَرْتَ؟ قَالَ: وَإِنْ جَهَرْتُ. (قط هق) [الضعيفة ج٢ ص٤١٩ تحت رقم ٩٩١] (صحيح)

[1] قَالَ رَسُولُ اللَّهِ ﷺ: مَنْ صَلَّى صَلَاةً لَمْ يَقْرَأْ فِيهَا بِأُمِّ الْقُرْآنِ فَهِيَ خِدَاجٌ فَهِيَ خِدَاجٌ فَهِيَ خِدَاجٌ غَيْرُ تَمَامٍ (د) [د بتحقيق الألباني ٨٢١] (صحيح)

9. सूरतुल फ़ातिह़ा के ख़त्म पर आमीन कहना?

25. सुरतुल फ़ातिह़ा के ख़त्म पर उंची आवाज़ से आमीन कहना

वाईल बिन हुज्रﷺ फ़रमाते हैं:

अल्लाह के रसूल ﷺ जब وَلَا الضَّالِّينَ तिलावत फ़रमाते तो बलंद आवाज़ से आमीन कहते| (अबू दावूद, तिर्मिज़ी, नसाई, इब्ने माजा) अल्फ़ाज़ अबू दावूद के हैं| (सुनन अबी दावूद बितह़क़ीक़िल अलबानी 932) (स़ह़ीह़)	كَانَ رَسُولُ اللَّهِ ﷺ إِذَا قَرَأَ ((وَلَا الضَّالِّينَ)) قَالَ آمِينَ وَرَفَعَ بِهَا صَوْتَهُ (د ت ن هـ) واللفظ لأبي داود [سنن أبي داود بتحقيق الألباني ٩٣٢] (صحيح)

26. इमाम ऊंची आवाज़ से आमीन कहे

वाईल बिन हुज्रﷺ से रिवायत है:

उन्होंने अल्लाह के रसूलﷺ की इक़्तिदा में नमाज़ पढ़ी तो आपﷺ ने बलंद आवाज़ से आमीन कही| (अबू दावूद) (सुनन अबी दावूद बितह़क़ीक़िल अलबानी 933) (ह़सन स़ह़ीह़)	أَنَّهُ صَلَّى خَلْفَ رَسُولِ اللَّهِ ﷺ فَجَهَرَ بِآمِينَ (د) [سنن أبي داود بتحقيق الألباني ٩٣٣] (حسن صحيح)

27. मुक़्तदी भी इमाम के ताबेअ् हो कर जहर से आमीन कहे

अल्लाह के रसूलﷺ फ़रमाते हैं:

जब इमाम आमीन कहे तो तुम भी आमीन कहो क्यूंकि जिस की आमीन फ़रिश्तों की आमीन के मुवाफ़िक़ हो जाए तो उस के पिछले गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं। (बुख़ारी: अल आज़ान 780, मुस्लिम: अस्सलाह: 618) रावी: अबू हुरैराह	إِذَا أَمَّنَ الْإِمَامُ فَأَمِّنُوا فَإِنَّهُ مَنْ وَافَقَ تَأْمِينُهُ تَأْمِينَ الْمَلَائِكَةِ غُفِرَ لَهُ مَا تَقَدَّمَ مِنْ ذَنْبِهِ [خ: الآذان ٧٨٠ – م: الصلاة ٦١٨] عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ

इब्ने जुरैज फ़रमाते हैं मैं ने अ़ता रहिमहुल्लाह से पूछा:

क्या अ़ब्दुल्लाह इब्ने ज़ुबैरؓ सूरह फ़ातिह़ा के ख़ात्मे पर आमीन कहा करते थे? आप ने फ़रमाया: हां, और आप के पीछे तमाम (नमाज़ी) भी आमीन कहते ह़त्ता कि मस्जिद गूंज उठती। (मुस़न्नफ़ अ़ब्दिर् रज़्ज़ाक़: 2640 जि.2 स़.96) (स़ह़ीह़) (रवाहुल बुख़ारी तालिक़न: अल आज़ान: बाबु जहरिल इमाम बित्तमीन, तमामिल मिन्ना 178, अज़्ज़ईफ़ा जि.2 स़.368, 369)	قُلْتُ لَهُ أَكَانَ بْنُ الزُّبَيْرِ يُؤَمِّنُ عَلَى إِثْرِ أُمِّ الْقُرْآنِ؟ قَالَ نَعَمْ، وَيُؤَمِّنُ مِنْ وَرَاءِهِ حَتىَّ أَنَّ لِلْمَسْجِدِ لَلَجَّةً [مصنف عبدالرزاق: ٢٦٤٠ ج٢ ص٩٦] (صحيح) [رواه البخاري تعليقا : الآذان : باب جهر الإمام بالتأمين، تمام المنة ص١٧٨، الضعيفة ج٢ص٣٦٨-٣٦٩]

10. सूरतुल फ़ातिह़ा के बाद क़िराअत

28. सूरतुल फ़ातिह़ा के बाद कुरआन में से जो चाहे पढ़े

अल्लाह के रसूलﷺ ने फ़रमाया:

जब तू (नमाज़ के लिए) खड़ा हो तो क़िब्ला रुख़ हो जा और तकबीर कह, फिर सूरह फ़ातिह़ा पढ़, फिर अल्लाह तआ़ला जितना मुक़द्दर करे इतना कुरआन पढ़ ले| (अबू दावूद, मुस्नद अह़मद, इब्ने ह़िब्बान) रावी: रिफ़ाआह बिन राफ़ेअ़ अज़्ज़ुरक़ी (सुनन अबी दावूद बतहकीकिल अलबानी 859) (ह़सन)	إِذَا قُمْتَ فَتَوَجَّهْتَ إِلَى الْقِبْلَةِ فَكَبِّرْ ثُمَّ اقْرَأْ بِأُمِّ الْقُرْآنِ وَبِمَا شَاءَ اللَّهُ أَنْ تَقْرَأَ ... (د حم حب) عن رفاعة بن رافع الزُّرَقِيِّ. [سنن أبي داود بتحقق الألباني ٨٥٩] (حسن)

29. सिर्री नमाज़ में इमाम के पीछे सूरह अल फ़ातिह़ा के बाद मज़ीद क़िराअत करना

जाबिर बिन अ़ब्दुल्लाहؓ फ़रमाते हैं:

हम ज़ोहर व अ़स्र में इमाम के पीछे पहली दो रक्अ़तों में सूरह फ़ातिह़ा के साथ कोई सूरह पढ़ा करते थे और आख़िरी दो रक्अ़तों में सिर्फ़ सूरह फ़ातिह़ा पढ़ा करते थे| (इब्ने माजा) (सुनन अबी दावूद बितह़क़ीक़िल अलबानी 843) (स़ह़ीह़)	كُنَّا نَقْرَأُ فِي الظُّهْرِ وَالْعَصْرِ خَلْفَ الْإِمَامِ فِي الرَّكْعَتَيْنِ الْأُولَيَيْنِ بِفَاتِحَةِ الْكِتَابِ وَسُورَةٍ وَفِي الْأُخْرَيَيْنِ بِفَاتِحَةِ الْكِتَابِ (هـ) [سنن أبي داود بتحقيق الألباني ٨٤٣] (صحيح)

30. सूरतुल फ़ातिहा के बाद क़िराअत लाज़िम नहीं है लेकिन बेहतर है

अबू हुरैराह﵁ फ़रमाते हैं:

हर नमाज़ में क़िराअत की जाती है। फिर अल्लाह के रसूलﷺ ने जो कुछ हमें बलंद आवाज़ से पढ़ कर सुनाया वो हम ने तुम लोगों को बलंद आवाज़ से पढ़ कर सुनाया। और जो कुछ आप ने सिर्री तौर पर पढ़ा, वो हम ने भी सिर्री तौर पर पढ़ा। अगर तुम सूरह फ़ातिहा से ज़ियादा ना पढ़ो तो तुम्हारे लिए काफ़ी है और अगर पढ़ लो तो बेहतर है। (बुख़ारी: अल आज़ान 772, मुस्लिम: अस्सलाह: 600)	فِي كُلِّ صَلَاةٍ يُقْرَأُ فَمَا أَسْمَعَنَا رَسُولُ اللَّهِ ﷺ أَسْمَعْنَاكُمْ وَمَا أَخْفَى عَنَّا أَخْفَيْنَا عَنْكُمْ وَإِنْ لَمْ تَزِدْ عَلَى أُمِّ الْقُرْآنِ أَجْزَأَتْ وَإِنْ زِدْتَ فَهُوَ خَيْرٌ [خ: الآذان ٧٧٢ - م:الصلاة ٦٠٠]

जाबिर﵁ से रिवायत है:

उन्होंने मुआज़﵁ का क़िस्सा बयान किया और फ़रमाया: कि नबीﷺ ने उस नौजवान से फ़रमाया: ऐ मेरे भतीजे तुम जब नमाज़ पढ़ते हो तो कैसे करते हो? उस ने कहा: मैं सूरतुल फ़ातिहा पढ़ता हूं और अल्लाह तआला से जन्नत तलब करता हूं और जहन्नम से पनाह तलब करता हूं। और मैं नहीं जानता कि आप और मुआज़﵁ की गुनगुनाहट क्या होती है। आपﷺ ने फ़रमाया: मैं और मुआज़ इन्हीं दो चीज़ों के आस पास होते हैं। (अबू दावूद) (अबू दावूद बितहक़ीक़िल अलबानी 793) (सहीह)	- ذَكَرَ قِصَّةَ مُعَاذٍ - قَالَ: وَقَالَ يَعْنِي النَّبِيَّ ﷺ لِلْفَتَى: كَيْفَ تَصْنَعُ يَا ابْنَ أَخِي إِذَا صَلَّيْتَ؟ قَالَ: أَقْرَأُ بِفَاتِحَةِ الْكِتَابِ وَأَسْأَلُ اللَّهَ الْجَنَّةَ وَأَعُوذُ بِهِ مِنَ النَّارِ وَإِنِّي لَا أَدْرِي مَا دَنْدَنَتُكَ وَلَا دَنْدَنَةُ مُعَاذٍ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ ﷺ: إِنِّي وَمُعَاذًا حَوْلَ هَاتَيْنِ أَوْ نَحْوَ هَذَا (د) [د بتحقيق الألباني ٧٩٣] (صحيح)

31. ज़ोहर व अ़स्र में सिर्फ़ पहली दो रकअ़तों में सूरह फ़ातिह़ा के बाद सूरत जोड़ना

अबू क़तादाﷺ फ़रमाते हैं:

नबीﷺ ज़ोहर और अ़स्र की पहली दो रकअ़त में सूरह फ़ातिह़ा के साथ कोई और सूरह पढ़ा करते थे और बसा औक़ात हमें कोई आयत सुना भी दिया करते| और आख़िरी दो रकआ़त में सिर्फ़ सूरह फ़ातिह़ा पढ़ा करते थे| (बुख़ारी: अल आज़ान: 762, मुस्लिम: अस्सलाह: 686) अल्फ़ाज़ मुस्लिम के हैं|	أَنَّ النَّبِيَّ ﷺ كَانَ يَقْرَأُ فِي الرَّكْعَتَيْنِ الْأُولَيَيْنِ مِنَ الظُّهْرِ وَالْعَصْرِ بِفَاتِحَةِ الْكِتَابِ وَسُورَةٍ وَيُسْمِعُنَا الْآيَةَ أَحْيَانًا وَيَقْرَأُ فِي الرَّكْعَتَيْنِ الْأُخْرَيَيْنِ بِفَاتِحَةِ الْكِتَابِ [خ: الآذان ٧٦٢ – م: الصلاة ٦٨٦] واللفظ لمسلم

32. सिर्री नमाज़ में इमाम का तीसरी चौथी रकअ़त में सूरह फ़ातिह़ा के बाद क़िराअत करना

अबू सईद ख़ुदरीﷺ फ़रमाते हैं:

अल्लाह के रसूलﷺ ज़ोहर की पहली दोनों रकअ़तों में तक़रीबन तीस (30) आयतें पढ़ते थे और बाक़ी दो रकअ़तों में तक़रीबन पंद्रा (15) आयतें या (पहली दो रकाअ़तों से) निस्फ़ क़िराअत करते थे| और अ़स्र की पहली दो रकअ़तों में तक़रीबन पंद्रा (15) आयतें पढ़ते और बाक़ी दो रकअ़तों में उस के निस्फ़ क़िराअत करते| (मुस्लिम: अस्सलाह 157 - (452))	أَنَّ النَّبِيَّ ﷺ كَانَ يَقْرَأُ فِي صَلَاةِ الظُّهْرِ فِي الرَّكْعَتَيْنِ الْأُولَيَيْنِ فِي كُلِّ رَكْعَةٍ قَدْرَ ثَلَاثِينَ آيَةً وَفِي الْأُخْرَيَيْنِ قَدْرَ خَمْسَ عَشْرَةَ آيَةً أَوْ قَالَ نِصْفَ ذَلِكَ – وَفِي الْعَصْرِ فِي الرَّكْعَتَيْنِ الْأُولَيَيْنِ فِي كُلِّ رَكْعَةٍ قَدْرَ قِرَاءَةِ خَمْسَ عَشْرَةَ آيَةً وَفِي الْأُخْرَيَيْنِ قَدْرَ نِصْفِ ذَلِكَ [م: الصلاة ١٥٧ – (٤٥٢)]

33. जहरी नमाज़ में इमाम का तीस्री चौथी रक्अ़त में सूरह फ़ातिह़ा के बाद क़िराअत करना

अबू अ़ब्दिल्लाह सुनाबिही﷠ फ़रमाते हैं:

मैं अबू बकर सि़द्दीक़﷠ की ख़ि़लाफ़त के ज़माने में मदीना आया| मैं ने आप के पीछे मग़रिब की नमाज़ अदा की तो आप ने पहली दो रक्अ़तों में सूरतुल फ़ातिह़ा और क़िसा़रे मुफ़स्स़ल में से कोई सूरत पढ़ी| फिर जब वो तीस्री रक्अ़त के लिए खड़े हुए तो मैं उन के और क़रीब हो गया यहां तक कि क़रीब था कि मेरे कपड़े उन के कपड़ों से छू जाएं| फिर मैं ने उन्हें सूरतुल फ़ातिह़ा और ये आयत पढ़ते सुना| {رَبَّنَا لَا تُزِغْ قُلُوبَنَا بَعْدَ إِذْ هَدَيْتَنَا وَهَبْ لَنَا مِنْ لَدُنْكَ رَحْمَةً إِنَّكَ أَنْتَ الْوَهَّابُ} [آل عمران: ٨] (मुवत्ता) (मुवत्ता बितह़क सलीम अल हिलाली 181) (सहीह मौक़ूफ)	قَدِمْتُ الْمَدِينَةَ فِي خِلَافَةِ أَبِي بَكْرٍ الصِّدِّيقِ فَصَلَّيْتُ وَرَاءَهُ الْمَغْرِبَ فَقَرَأَ فِي الرَّكْعَتَيْنِ الْأُولَيَيْنِ بِأُمِّ الْقُرْآنِ وَسُورَةٍ، سُورَةٍ مِنْ قِصَارِ الْمُفَصَّلِ ثُمَّ قَامَ فِي الثَّالِثَةِ، فَدَنَوْتُ مِنْهُ حَتَّى إِنَّ ثِيَابِي لَتَكَادُ أَنْ تَمَسَّ ثِيَابَهُ. فَسَمِعْتُهُ قَرَأَ بِأُمِّ الْقُرْآنِ وَبِهَذِهِ الْآيَةِ {رَبَّنَا لَا تُزِغْ قُلُوبَنَا بَعْدَ إِذْ هَدَيْتَنَا وَهَبْ لَنَا مِنْ لَدُنْكَ رَحْمَةً إِنَّكَ أَنْتَ الْوَهَّابُ} [آل عمران: ٨] (ط) [ط بتحقيق الأعظمي ٢٥٩]

34. तरतील से क़िराअत करना

अल्लाह तआ़ला फ़रमाता है:

और कु़रआन को ठहर ठहर कर पढ़िये। (सूरह अल मुज़्ज़म्मिल 4)	وَرَتِّلِ الْقُرْآنَ تَرْتِيلًا [المزمل ٤]

35. अच्छी आवाज़ से क़िराअत करना

अल्लाह के रसूलﷺ ने फ़रमाया:

कु़रआन को अच्छी आवाज़ से ज़ीनत दो। इमाम बुख़ारी ने इसे तालीक़न रिवायत किया है। किताबुत्तौहीद, रावी: अल बरा बिन आ़ज़िब बाबु क़ौलिन्नबी ﷺ (अल माहिर बिल कु़रआन मअ़स्सफ़रतिल किरामिल बररा)	زَيِّنُوا الْقُرْآنَ بِأَصْوَاتِكُمْ رواه البخاري تعليقا : كتاب التوحيد: عَنْ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ باب قول النبيﷺ (الماهر بالقرآن مع السفرة الكرام البررة)

36. जो शख़्स कुरआन ना पढ़ सकता हो वो क्या करे?

अ़ब्दुल्लाह बिन अबी औफ़ा رضي الله عنه फ़रमाते हैं:

एक आदमी अल्लाह के रसूल ﷺ के पास आया और कहा: मैं कुरआन से कुछ अख़ज़ (यानी हिफ़्ज़) नहीं कर सकता लिहाज़ा आप मुझे कुछ सिखा दीजिए जो मेरे लिए उस की बजाए काफ़ी हो जाए आप ने फ़रमाया: तुम यूं कहो: **سُبْحَانَ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ، وَاللَّهُ أَكْبَرُ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيمِ** उस शख़्स ने कहा: ऐ अल्लाह के रसूल, ये तो अल्लाह के लिए है| मेरे लिए क्या है? आप ने फ़रमाया: यूं कह: **اللَّهُمَّ ارْحَمْنِي وَارْزُقْنِي وَعَافِنِي وَاهْدِنِي** जब वो आदमी वापस जाने के लिए उठा तो अपने हाथ को यूं किया (यानी अपनी उंगलियों को बंद कर लिया जैसे कोई चीज़ महफ़ूज़ पकड़ ली जाती है) अल्लाह के रसूल ﷺ ने फ़रमाया: इस ने अपने हाथ में ख़ैर समेट ली| (मुस्नद अह़मद, अबू दावूद, नसाई) अलफ़ाज़ अबू दावूद के है| (अबू दावूद बितह़क़ीक़िल अलबानी 832) (सह़ीह़)	**جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ ﷺ فَقَالَ: إِنِّي لَا أَسْتَطِيعُ أَنْ آخُذَ مِنَ الْقُرْآنِ شَيْئًا فَعَلِّمْنِي مَا يُجْزِئُنِي مِنْهُ قَالَ: قُلْ: سُبْحَانَ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ، وَاللَّهُ أَكْبَرُ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيمِ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ هَذَا لِلَّهِ عَزَّ وَجَلَّ فَمَا لِي قَالَ: قُلْ: اللَّهُمَّ ارْحَمْنِي وَارْزُقْنِي وَعَافِنِي وَاهْدِنِي فَلَمَّا قَامَ قَالَ: هَكَذَا بِيَدِهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ ﷺ: أَمَّا هَذَا فَقَدْ مَلَأَ يَدَهُ مِنَ الْخَيْرِ** (حم د ن) واللفظ لأبي داود [د بتحقيق الألباني ٨٣٢] (صحيح)

37. फ़ज्र की नमाज़ में जहरी क़िराअत करना

अ़म्र बिन हुरैसؓ फ़रमाते हैं:

उन्होंने अल्लाह के नबीﷺ को फज्र की नमाज़ में **{وَاللَّيْلِ إِذَا عَسْعَسَ}** (यानी सूरह अत्तक्वीर) पढ़ते सुना| (मुस्लिम: अस्सलाह 164 (456))	**أَنَّهُ سَمِعَ النَّبِيَّ ﷺ يَقْرَأُ فِي الْفَجْرِ {وَاللَّيْلِ إِذَا عَسْعَسَ}** [م: الصلاة ١٦٤ - (٤٥٦)]

38. ज़ोहर व अ़स्र में सिर्री क़िराअत करना

अबू मअ़्मर रहिमहुल्लाह फ़रमाते हैं:

मैं ने ख़ब्बाब बिन अरत्त ؓ से पूछा: क्या नबीﷺ ज़ोहर और अ़स्र में क़िराअत करते थे? आप ने जवाब दिया: हां, मैं ने कहा: आप को इस क़िराअत का इल्म कैसे होता था? आप ने जवाब दिया: आपﷺ की दाढ़ी की ह़रकत से| (बुख़ारी: अल आज़ान 761)	**قُلْتُ لِخَبَّابِ بْنِ الأَرَتِّ: أَكَانَ النَّبِيُّ ﷺ يَقْرَأُ فِي الظُّهْرِ وَالعَصْرِ؟ قَالَ: نَعَمْ قَالَ: قُلْتُ: بِأَيِّ شَيْءٍ كُنْتُمْ تَعْلَمُونَ قِرَاءَتَهُ؟ قَالَ: بِاضْطِرَابِ لِحْيَتِهِ** [خ: الآذان ٧٦١]

39. मग़रिब में जहर करना

जुबैर बिन मुत़इमؓ फ़रमाते हैं:

मैं ने अल्लाह के रसूलﷺ को नमाज़े मग़रिब में सूरह तूर की तिलावत करते सुना| (बुख़ारी: अल जिहाद वस्सियर 3050, मुस्लिम: अस्सलाह: 705)	**سَمِعْتُ النَّبِيَّ ﷺ يَقْرَأُ فِي المَغْرِبِ بِالطُّورِ** [خ: الجهاد والسير ٣٠٥٠ - م: الصلاة ٧٠٥]

40. इशा में जहर करना

अल बरा बिन आ़ज़िबﷺ फ़रमाते हैं :

मैं ने नबीﷺ को इशा की नमाज़ में {وَالتِّينِ وَالزَّيْتُونِ} की तिलावत करते सुना। मैं ने आप से अच्छी आवाज़ या आप से अच्छी क़िराअत किसी और की नहीं सुनी। (बुख़ारी: अल आज़ान: 769, मुस्लिम: अस्सलाह: 708)	سَمِعْتُ النَّبِيَّ ﷺ يَقْرَأُ وَالتِّينِ وَالزَّيْتُونِ فِي الْعِشَاءِ وَمَا سَمِعْتُ أَحَدًا أَحْسَنَ صَوْتًا مِنْهُ أَوْ قِرَاءَةً [خ: الآذان ٧٦٩ – م: الصلاة ٧٠٨]

11. रुकूअ़ और सुजूद की कैफ़िय्यत

अल्लाह तआ़ाला फ़रमाता है:

ऐ ईमान वालो! रुकूअ़ करो और सुजूद करो। (सूरह अल ह़ज 77)	يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا ارْكَعُوا وَاسْجُدُوا [الحج ٧٧]

41. रुकूअ़ में घुटनों को पकड़ना और कोहनियों को सीधा रखना

अ़ब्बास बिन सहल बिन सअ़्द फ़रमाते हैं:

